मैंने ढूंढ लिया संसार श्याम जैसा कोई नहीं

मैंने ढूंढ लिया संसार श्याम जैसा कोई नहीं,
मुझे रख चरणां दे पास श्याम जैसा कोई नहीं.....

सुख भी आए श्याम दुख भी आए,
पानी के जैसे बहते जाए,
मैं करूं तुझ पे ऐतबार श्याम जैसा कोई नहीं,
मैंने ढूंढ लिया संसार......

इधर अंधेरा श्याम उधर अंधेरा,
मोह माया ने मुझको घेरा,
मुझे करो भव सागर पार श्याम जैसा कोई नहीं,
मैंने ढूंढ लिया संसार........

बीच भंवर में आकर खड़ी हूं,
तेरी शरण में आन पड़ी हूं,
अब पकड़ लो मेरा हाथ श्याम जैसा कोई नहीं,
मैंने ढूंढ लिया संसार........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29166/title/maine-dhoond-liya-sansar-shyam-jaisa-koi-nahi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |